पटना ट्रेनिंग कॉलेजः मन को शांत करने के लिए योग की दी सलाह



पटना. पटना विश्वविद्यालय की ओर से पटना ट्रेनिंग कॉलेज में इंटर यूनिवर्सिटी योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में पटना ट्रेनिंग कॉलेज के अभिषेक कुमार ने प्राप्त किया. वहीं दूसरे स्थान पर साइंस कॉलेज के गौतम कुमार व तीसरे स्थान पर वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज की सुरभी कुमारी ने कब्जा जमाया. इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने विभिन्न योग के आयामों की जानकारी देते हुए इसके महत्व से अवगत कराया. उन्होंने योग के बारे में जानकारी देते हुए इसका जीवन में लाभ उठाने की बात कहीं.